

# कोर्ट जाते समय वकील की गोली मारकर हत्या





**नवभारत न्यूज**
**करैरा/शिवपुरी 14 फरवरी।** शनिवार को जिले के करैरा में दिनदहाड़े बीच रोड पर एक वकील की गोली मारकर नृशंस हत्या कर दी गई है। कोर्ट के रास्ते पर दूसरे वकील ने उन्हें सड़क पर लहूलुहान पड़े देखा तो वह अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इस घटना के बाद इलाके में दहशत का माहौल है। इस घटना से वकीलों में रोष व्याप्त है।

जानकारी के अनुसार शिवपुरी के करैरा सिविल कोर्ट जाते समय वरिष्ठ अधिवक्ता संजय सक्सेना की अज्ञात बदमाशों के द्वारा गोली मारकर हत्या कर दी गई है। घटना के वक्त अधिवक्ता संजय सक्सेना कोर्ट जा रहे थे। उसी दौरान अज्ञात बदमाशों ने गोली चला दी जिससे उनकी मौके पर ही मौत हो गई। दिनदहाड़े हुई इस घटना ने कानून व्यवस्था पर गंभीर प्रश्न खड़े कर दिए हैं। वारदात की जानकारी लगते ही पुलिस मौके पर पहुंच गई है और मामले की जांच में जुट गई। कोर्ट शहर से करीब 4 से 5 किमी दूर है। यहां का रास्ता सुनसान होने पर घटना को अंजाम दिया है। हालांकि खबर लिखे जाने तक पुलिस हत्यारों तक नहीं पहुंच पाई थी। इसको लेकर जिलेभर के वकीलों ने आक्रोश जताया है। साथ ही शासन-प्रशासन से मांग की है कि वकीलों को सुरक्षा मुहैया कराई जाए।

### वारदात के बाद फरार हुए आरोपी, पुलिस जांच में जुटी

**हमलावरों का नहीं लगा सुराग:** पुराना बाजार निवासी वकील संजय सक्सेना रोज की तरह बाइक से कोर्ट जा रहे थे। इसी दौरान, एक सुनसान रास्ते पर पहले से घात लगाए अज्ञात बदमाशों ने उन पर हमला कर दिया। हमलावर किसी वाहन से आए थे या पैदल थे, ये पता नहीं चल पाया है। कुछ देर बाद उसी रास्ते से गुजर रहे एक अन्य वकील ने सड़क पर पड़े संजय सक्सेना को देखा। उन्हें तत्काल अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

**पुलिस ने कराया पीएम, जांच में जुटी :** घटना की सूचना मिलते ही करैरा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भिजवा दिया। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में सर्चिंग कर रही है और संदिग्धों की पहचान करने में जुटी है।

एसपी भी मौके पर पहुंचे, 24 घंटे में आरोपी पकड़ने का भरोसा दिया है! लेकिन इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि वकीलों को बदमाशों द्वारा जानबूझकर टारगेट किया जा रहा है! करेरा कोर्ट में दिनभर सन्नाटा पसरा रहा और दोपहर बाद काम आगे बढ़ा दिया गया।

# ब्लैक डे पर शिवपुरी पब्लिक स्कूल में शहीदों को श्रद्धांजलि, मोमबत्तियां जलाकर नमन




**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 14 फरवरी।** शहर के प्रतिष्ठित शिवपुरी पब्लिक स्कूल में शुक्रवार को 'ब्लैक डे' के अवसर पर देश की रक्षा के लिए अपने प्राणों की आहुति देने वाले वीर जवानों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। विद्यालय परिसर देशभक्ति के जज्बे और शहीदों के प्रति कृतज्ञता भाव से सराबोर नजर आया।

कार्यक्रम के तहत छात्र-छात्राएं हाथों में जलती मोमबत्तियां लेकर विद्यालय प्रांगण में एकत्रित हुए। छोटे-छोटे बच्चों के हाथों में जगमगाती मोमबत्तियां शहीदों के प्रति सम्मान और राष्ट्र के प्रति उनकी अटूट निष्ठा का प्रतीक बन गईं। पूरे वातावरण में गहन श्रद्धा और भावुकता का माहौल दिखाई दिया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि हमारे सैनिक सीमाओं पर दिन-रात मुस्तैद रहते हैं, तभी हम सुरक्षित जीवन जी पाते हैं। उन्होंने कहा कि यह दिन वीर शहीदों के सर्वोच्च बलिदान को स्मरण करने और उनके प्रति कृतज्ञता व्यक्त करने का है। साथ ही उन्होंने छात्रों में राष्ट्रभक्ति की भावना की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में पूरा परिसर 'भारत माता की जय' और 'वीर जवान अमर रहें' के नारों से गूंज उठा। श्रद्धांजलि सभा में स्कूल प्रबंधन, शिक्षकगण एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

# तेन्दुआ में ज्वैलर्स की दुकान में चोरी का खुलासा

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 14 फरवरी।** फरियादी तुलसी राम सोनी पुत्र बैजनाथ सोनी उम्र 60 साल नि ग्राम खरई ने रिपोर्ट की थी कि मेरी सोने चांदी की दुकान ग्राम खरई बाजार मे है जिसमे दरम्यानी रात मे दुकान मे पीछे से दीवार मे सेध लगाकर सोना चांदी के जेवरात सोने के 04 ओम, 08 वाली सोने की, 01 बेसर सोने की एवं चांदी की 15 जोडी तोडिया, 02 ब्रेसलेट, 01 गुच्छा, 04 चूरा बचकानी, चंदा सूरज हाय के 55 नग.05 पत्ती, 07 ताबीज, 07 बिछुडी, 10 आंखे, 04 सांतिया, 09 नग वाला चांदी के 01 हाफ करदोनी, 01 कमर का गुच्छा, 06 लर चांदी की एवं खैरेज चांदी की कीमती लगभग 03 लाख अज्ञात चोरो द्वारा चोरी करके ले गये है, जिस पर से अपराध क्र. 15/26 धारा 331(4), 305 बीएनएस का पंजीबध्द कर विवेचना मे लिया गया।

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा सम्पत्ति संबंधी अपराधो मे चोरी गये माल मशरुका को बरामद करने एवं आरोपियो को गिरफ्तार करने हेतु निर्देशित किया गया था, जिसके पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिवपुरी संजीव मुले एवं एस.डी.ओ.पी. कोलारस श्री संजय मिश्रा के मार्गदर्शन मे कार्यवाही करते हुये मुखबिर सूचना एवं सायबर सेल शिवपुरी से तकनीकी सहायता प्राप्त कर आरोपी 01. मुकेश पुत्र प्रभु मोगिया उम्र 22 साल नि ग्राम गुहाडी मटेवरा थाना कोतवाली जिला श्योपुर 02. नहार सिंह पुत्र सूरज सिंह मोगिया उम्र 35 साल निवासी ग्राम सरखण्डी थाना तेन्दुआ जिला शिवपुरी को गिरफ्तार कर चोरी गये सोना-चांदी के सभी जेवरात कीमती 03 लाख रूपये जप्त किये गये एवं घटना मे प्रयुक्त औजार भी बरामद किये गये। इस कार्यवाही में उनि. नीतू सिंह धाकड़ सउनि जितेन्द्र जाट, प्रआर. गजेन्द्र सिंह, आर. पवन जाट, आर. अनूप जाट, आर. केदारीलाल, आर. अंकित शर्मा, आर. भुवनेश शर्मा, आर. मनीष निगम, आर. प्रवेश आर. दुले, आर. चालक लोकेन्द्र झाला व सायबर सैल से प्रआर, विकाश, आर. आलोक, आर. जलज की विशेष भूमिका रही।

### चोरी गये 03 लाख रूपये के सोने चांदी के आभूषण बरामद कर 02 आरोपियों को किया गिरफ्तार

# खनियांधाना में वैराग्य की बयार : मुनिश्री की अमृतवाणी के बीच संपन्न हुआ 'तप कल्याणक'

**दिनेश कुमार झा**
**खनियांधाना 14 फरवरी।** बुंदेलखंड की पावन धरा खनियांधाना में जारी पंचकल्याणक प्रतिष्ठा एवं त्रयगजरथ महोत्सव के दौरान आज श्रद्धा, समर्पण और वैराग्य का अनूठा त्रिवेणी संगम देखने को मिला। मुनि पुंगव 108 श्री सुधासागर जी महाराज एवं मुनि 108 श्री निरापद सागर जी महाराज के मंगल सानिध्य में आज 'अयोध्या नगरी' भक्ति के चरमोत्कर्ष पर रही। मुनिश्री की दिव्य देशना: मंगलमय जीवन का सूत्र: प्रात: काल नित्य पूजन के उपरांत मुनि श्री सुधासागर जी महाराज ने पांडाल में उपस्थित जनसमूह को अपनी ओजस्वी वाणी से निहाल किया। मुनिश्री ने जीवन में मंगल और अमंगल के सूक्ष्म भेदों को समझाते हुए कहा कि भावों की शुद्धि ही आत्म-कल्याण का एकमात्र मार्ग है। हजारों श्रद्धालुओं ने मंत्रमुग्ध होकर इस ज्ञानरूपी अमृत का पान किया। अयोध्या नगरी में उत्सव: बालक तीर्थंकर की निकली भव्य बारात:महाराजा नाभिराय के आंगन में खुशियों का पारावार न रहा, जब बालक तीर्थंकर की भव्य बारात निकाली गई। 'अयोध्या नगरी' (महोत्सव पांडाल) में बैंड-बाजों की मधुर धुन पर इंद्र-इंद्राणी और श्रद्धालु जमकर थिरके। सत्येंद्र शर्मा एंड पार्टी के भक्तिमय भजनों ने समूचे वातावरण को ऐसा धर्ममय बनाया कि हर कोई प्रभु भक्ति में सराबोर नजर आया। वैराग्य का पथ: संपन्न हुआ पावन

### मुनि निरापद सागर का हुआ ऐतिहासिक पिच्छिका परिवर्तन



'तप कल्याणक':महोत्सव का सबसे मर्मस्पर्शी प्रसंग 'तप कल्याणक' (दीक्षा विधि) संपन्न हुआ। जब बालक तीर्थंकर ने राजसी वैभव को त्याग कर दिगंबर दीक्षा धारण करने हेतु वैराग्य पथ पर कदम बढ़ाए, तो पांडाल 'वैराग्य की जय' के उद्घोष से गुंजायमान हो उठा। दीक्षा विधि के इन अलौकिक दृश्यों को देखकर उपस्थित जनसमूह की आंखें श्रद्धा से नम हो गईं।

**पिच्छिका परिवर्तन: कैलाश चंद दादजी परिवार को मिला पुण्य लाभ:** दोपहर के सत्र में मुनि 108 श्री निरापद सागर जी महाराज का 'पिच्छिका परिवर्तन' कार्यक्रम अत्यंत भावुक माहौल में संपन्न हुआ। मुनिश्री को नवीन पिच्छिका भेंट करने का परम सौभाग्य भगवान के माता-पिता बनने का गौरव प्राप्त श्री कैलाश चंद दादजी (जैन) एवं उनके परिवार को प्राप्त हुआ। पुरानी पिच्छिका का त्याग और नवीन संयम उपकरण ग्रहण करने का यह दृश्य श्रद्धालुओं के हृदय को छू गया। मुनिश्री निरापद सागर जी की पुरानी पिच्छिका प्राप्त करने का सोभाग्य गोलाकोट पंचकल्याणक में भगवान के माता-पिता बने ऋषभ जैन एवं उनके परिवार बामौरकलां बालों को प्राप्त हुआ। प्रतिष्ठाचार्य बाल ब्रह्मचारी प्रदीप भैया सुयश (अशोकनगर) के कुशल निर्देशन में सभी मांगलिक क्रियाएं विधि-विधान से संपन्न हो रही हैं। मीडिया प्रभारी संजीव जैन चौधरी और सहसंयोजक प्रवीण जैन ने बताया कि खनियांधाना में उमड़ा यह जनसैलाब धर्म और गुरु भक्ति की अटूट मिसाल पेश कर रहा है।

# गर्भवती महिलाओं की जांच व आयुष्मान कार्ड में लापरवाही पर सख्त कार्रवाई

**नवभारत न्यूज**
**शिवपुरी 14 फरवरी।** गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य जांच, ऑनलाइन पंजीयन एवं आयुष्मान कार्ड निर्माण में लापरवाही बरतने के मामले में स्वास्थ्य विभाग ने सख्त रुख अपनाया है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. संजय ऋषीश्वर के निर्देश पर 2 सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी (सीएचओ), 1 एएनएम और 1 आशा सहयोगिनी को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए हैं। सीएमएचओ डॉ. संजय ऋषीश्वर द्वारा 13 फरवरी 2026 को शिवपुरी विकासखंड अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सतनवाडा के अंतर्गत आने वाले ग्राम सकलपुर एवं नोहरीकलां स्थित आयुष्मान आरोग्य केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं।

**सकलपुर में मिली गंभीर खामियां :** ग्राम सकलपुर में पदस्थ सीएचओ सुश्री ज्योति माहौर पूर्व सूचना के बावजूद अनुपस्थित पाई गईं। गर्भवती महिलाओं में एनीमिया दूर करने हेतु लगाए जाने वाले एफसीएम इंजेक्शन आयुष्मान आरोग्य केन्द्र पर न लगाकर सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र भेजकर लगवाए जा रहे थे, जिससे महिलाओं को अनावश्यक रूप से गांव से बाहर यात्रा करनी पड़ी। सकलपुर क्षेत्र में एचआईएमएस पोर्टल पर 103 गर्भवती महिलाओं की एंट्री दर्ज है, जबकि अनमोल पोर्टल पर केवल 65 महिलाओं का पंजीयन पाया गया। इससे हितग्राहियों को मिलने वाले शासकीय लाभ प्रभावित होने की आशंका जताई गई है। इसी केन्द्र पर पदस्थ एएनएम सुश्री निरंजना खत्री व्हीएचएनडी कार्य छोड़कर केन्द्र पर उपस्थित मिलीं। फरवरी माह में मात्र 5 एएनसी जांच दर्ज होना और एएनसी विवरण व मॉडरेट एनीमिया संबंधी जानकारी का अभाव गंभीर लापरवाही माना गया। आशा सहयोगिनी सुश्री विनिता रावत द्वारा आयुष्मान कार्ड निर्माण में भी अत्यंत कम प्रगति पाई गई। ग्राम सकलपुर में 37, चांड में 23, पडवा में 11, रैपुरा में 13 तथा पवा में मात्र 1 सहरिया समुदाय का आयुष्मान कार्ड बनाया गया, जिसे असंतोषजनक माना गया।

### 2 सीएचओ, 1 एएनएम और 1 आशा सहयोगिनी को जारी हुए कारण बताओ नोटिस

**नोहरीकलां में भी अनियमितताएं :**ग्राम नोहरीकलां स्थित आयुष्मान आरोग्य केन्द्र में पदस्थ सीएचओ सुश्री प्रगति मौर्य निरीक्षण के दौरान अनुपस्थित मिलीं। यहां भी एफसीएम इंजेक्शन केन्द्र पर न लगाकर सीएचसी में लगाए जाने की पुष्टि हुई। एचआईएमएस पोर्टल पर 187 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच दर्ज है, जबकि अनमोल पोर्टल पर केवल 145 एएनसी प्रविष्टियां पाई गईं, जो डेटा प्रबंधन में गंभीर लापरवाही दर्शाता है।

**जवाबदेही तय, विभाग सख्त:** इन सभी अनियमितताओं को गंभीरता से लेते हुए संबंधित सीएचओ, एएनएम एवं आशा सहयोगिनी को कारण बताओ नोटिस जारी कर स्पष्टीकरण मांगा गया है। सीएमएचओ ने स्पष्ट किया है कि मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी तथा संतोषजनक जवाब न मिलने पर आगे की कठोर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# भारतीय संस्कृति में भाग कर नहीं,जागकर विवाह करना चाहिए : निर्भय सागर



**नवभारत न्यूज**
**बदरवास14 फरवरी।** वैज्ञानिक आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज का मंगल विहार चल रहा है वह गुना से होते हुए सोनागिर की ओर जा रहे हैं इसीक्रम आचार्य श्री के संघ का प्रवेश बदरवास नगर में हुआ, जहां जैन समाज द्वारा आचार्य श्री की बैंड बाजे से भक्ति आराधना और जयकारों से जैन ध्वज के साथ मंगल प्रवेश के दौरान अभिनंदन किया, जिसमें श्रद्धालुओं ने अपने घर के आगे आरती चरण प्रक्षालन कर अभिनंदन किया आचार्य श्री के सानिध्य में अगले दिन की सुबह की बेला में अभिषेक एवं शांति धारा एवं पूजन के बाद आचार्य श्री की मंगल देशना एवं प्रवचन प्रारंभ हुए, जिसमें वैज्ञानिक आचार्य श्री निर्भय सागर महाराज जी ने कहा वह जो दान और पूजा दो क्रिया करता है वह सच्चा घर गृहस्थ है। गृहस्थ में प्रत्येक प्राणी को देव पूजा, गुरु पूजा, दान करना, धर्म ग्रंथ पढ़ना,व्रत धारण कर तप करना चाहिए,अपना उद्बोधन नेमीनाथ जिनालय में व्यक्त किए,आगे उन्होंने कहा भगवान की आराधना हमें ग्रहों से बचाती है तन - मन - धन से

### वैज्ञानिक आचार्य निर्भय सागर महाराज का बदरवास नगर में हुआ मंगल प्रवेश



भगवान की पूजा - अर्चना करने से रोग शोक संकट सब समाप्त हो जाते हैं, उन्होंने कहा संतो के दर्शन एवं बाणी का लाभ विरले ही ले पाते है। शनिवार को लोग काले कुत्ते और काली गाय को रोटी खिलाते हैं तेल चढ़ाते हैं लेकिन घर परिवार में जो माता-पिता, दादा - दादी सास - ससुर जो 60 वर्ष से ऊपर है अगर उनकी सेवा करोगे आज्ञा मानोगे, उनको खुश रखोगे तो कभी भी शनि ग्रह परेशान नहीं करेगा, आचार्य श्री ने सभी ग्रहों की समाप्ति का उपाय भी बताया, परिवार में भाई - बहिन,भाभी, ताई, चाचा आदि से प्रेम बनाकर वात्सल्य सुख सुविधा का ध्यान रखते हैं तो कोई भी ग्रह तुम्हारा बाल बांका भी नहीं कर सकता, उन्होंने वैलेंटाइन डे पर आज युवक - युवतियों के संदेश देते हुए कहा माता-पिता परिवार से प्रेम करो प्रेम का रूप आज बदल गया है पश्चिमी संस्कृति को स्वीकार कर युवा व्यक्ति प्रेम कर, जात कुजात न देखकर गलत कार्य छुपकर करते हैं वह पाप कमाते हैं भारतीय संस्कृति में भाग कर नहीं जागकर विवाह करना बताया है, अपनी संस्कृति को पहचानो वैलेंटाइन डे आज पाप का कारण बन गया है गलत संबंध मत बनाओ परिवार को धोखा मत दो, वासना की पूर्ति में तन मन धन बर्बाद मत करो। इस अवसर पर गुना, पाटई, कोलारस, दाहोद, अहमदाबाद से पधारे हुए श्रद्धालुओं ने श्रीफल भेंट किया एवं बदरवास के महेश जैन, उमेश जैन, सुनील जैन, विवेक जैन, नीरज जैन, नरेश जैन, नवनीत जैन ने बाहर से पधारे हुए अतिथियों का स्वागत कर आभार व्यक्त किया गया।

## मिला फर्नीचर तो खिल उठे चेहरे : बीआरसीसी तोमर



**शिवपुरी।** शासकीय एकीकृत माध्यमिक विद्यालय बक्सपुर में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की बैठक व्यवस्था के लिए आईडीबीआई बैंक बदरवास शाखा द्वारा 75 हजार रुपये की लागत से फर्नीचर उपलब्ध कराया गया। फर्नीचर मिलते ही विद्यालय में बच्चों और शिक्षकों के चेहरे खुशी से खिल उठे। विद्यालय के संस्था प्रभारी जितेंद्र शर्मा ने बताया कि पूर्व में बैठक व्यवस्था की कमी के कारण बच्चों को असुविधा होती थी, लेकिन अब पर्याप्त फर्नीचर मिलने से छात्रों की नियमित उपस्थिति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। उन्होंने बताया कि वर्तमान में विद्यालय में 90 प्रतिशत से अधिक छात्र-छात्राएं प्रतिदिन उपस्थित हो रहे हैं। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में बैंक के ब्रांच हेड का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। ब्रांच हेड ने आश्वस्त किया कि भविष्य में भी छात्रहित में आवश्यक सामग्री उपलब्ध कराने के लिए बैंक सहयोग करता रहेगा। कार्यक्रम में बीआरसीसी तोमर ने कहा कि बच्चे देश का भविष्य हैं और उनके लिए किया गया यह योगदान सराहनीय है। उन्होंने बैंक प्रबंधन के प्रति आभार व्यक्त किया। कक्षा 7 की एक छात्रा ने भी आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम के दौरान सीएसी अरविंद कुशवाह, कुलदीप ग्वाल सहित विद्यालय का समस्त स्टाफ उपस्थित रहा। अंत में संस्था प्रभारी द्वारा अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

## 70 लीटर कच्ची शराब व 20 लाख की महिन्द्रा थार जब्त

**शिवपुरी।** थाना सुरवाया पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 70 लीटर हाथ भट्टी की कच्ची शराब और एक बिना नंबर की काली महिन्द्रा थार वाहन सहित कुल 20 लाख 14 हजार रुपये का मशरूका जब्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया है। पुलिस अधीक्षक शिवपुरी अमन सिंह राठौड़ द्वारा जिले में अवैध शराब और नशे के विरुद्ध सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। उक्त निर्देशों के पालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले तथा अनुविभागीय अधिकारी पुलिस करैरा आयुष जाखड़ के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सुरवाया उनि अरविंद छारी के नेतृत्व में टीम ने कार्रवाई को अंजाम दिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक व्यक्ति काले रंग की महिन्द्रा थार में भारी मात्रा में अवैध कच्ची शराब लेकर शिवपुरी से करैरा की ओर जा रहा है। सूचना पर तत्काल कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने खुटैला तिराहा एवं अमोला घाटी कटपॉइंट के पास चेकिंग लगाई। इस दौरान संदिग्ध काली थार वाहन को रोका गया, जिसमें दो कैनों में कुल 70 लीटर कच्ची शराब पाई गई।पुलिस ने शराब और वाहन सहित कुल 20,14,000 रुपये का मशरूका जब्त कर लिया। आरोपी के विरुद्ध थाना सुरवाया में अपराध क्रमांक 08/26 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ कर दी गई है। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि अरविंद छारी, सउनि सतेंद्र सिंह, प्रधान आरक्षक 409 हर्ष झा, प्रधान आरक्षक 850 मनीष सैन एवं आरक्षक 1117 रमाकांत पाराशर की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

# केदारेश्वर धाम में महाशिवरात्रि पर उमड़ेगी श्रद्धालुओं की भीड़

**हितेश जैन**
**पोहरी 14 फरवरी।** शिवपुरी जिला मुख्यालय से लगभग 35 किमी दूर और पोहरी से मात्र 3 किमी की दूरी पर स्थित प्राकृतिक एवं धार्मिक आस्था का केंद्र केदारेश्वर धाम इन दिनों श्रद्धालुओं के आकर्षण का प्रमुख केंद्र बना हुआ है। हरे-भरे जंगलों, पहाड़ियों और प्राकृतिक सौंदर्य से घिरा यह स्थल न केवल धार्मिक आस्था का प्रतीक है, बल्कि प्रकृति प्रेमियों के लिए भी अद्भुत अनुभव प्रदान करता है।



पहाड़ियों के मध्य स्थित केदारेश्वर महादेव मंदिर की विशेषता यह है कि यहां एक प्राकृतिक छोटी गुफा के भीतर भगवान शिव का प्राचीन शिवलिंग स्थापित है। गुफा के ऊपरी हिस्से से पहाड़ों से निकलने वाली शीतल जलधारा वर्षभर शिवलिंग पर गिरती रहती है, जिसे भक्तजन भगवान शिव का प्राकृतिक जलाभिषेक मानते हैं। प्रतिवर्ष महाशिवरात्रि के अवसर पर यहां विशाल धार्मिक मेले का आयोजन होता है, जिसमें हजारों श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचते हैं। मेले को देखते हुए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा सुरक्षा और व्यवस्थाओं की तैयारियां पहले ही पूरी कर ली जाती हैं।

**500 वर्ष पुराना बताया जाता है इतिहास :** केदारेश्वर धाम का इतिहास करीब 500 वर्ष पुराना बताया जाता है। जनश्रुति के अनुसार सिद्ध संत श्री मंगलदास महाराज को स्वप्न में भगवान शिव ने दर्शन देकर बताया कि वे पहाड़ों के बीच लिंग स्वरूप में विराजमान हैं। इसके बाद संत ने तत्कालीन पोहरी शासक राजा नवल खांडेराव को इसकी जानकारी दी। राजा द्वारा कराई गई खुदाई में शिवलिंग प्रकट हुआ।

# मुर्गीपालन से बदली जिंदगी : कुपोषण से राहत, मिला रोजगार

**पोहरी 14 फरवरी।।** गरीबी, पथरीली जमीन और मजबूरी में होने वाले पलायन के बीच पोहरी ब्लॉक के आदिवासी परिवारों ने स्वरोजगार की ऐसी राह चुनी है, जिसने न केवल उनकी आर्थिक स्थिति बदली बल्कि उनके बच्चों को कुपोषण के चंगुल से भी बाहर निकाल लिया। ग्राम पंचायत नौंहेटा खुर्द के पटपरी गांव निवासी जगन्नाथ आदिवासी का परिवार इसका जीवंत उदाहरण है, जिन्होंने मुर्गीपालन को तरक्की और बेहतर स्वास्थ्य का जरिया बनाया।



**15 गांवों में अभियान, 2400 परिवारों को मिला लाभ:** यह बदलाव चाइल्ड राइट्स एंड यू के सहयोग से विकास संवाद द्वारा संचालित 'समुदाय आधारित कुपोषण प्रबंधन परियोजना' के माध्यम से आ रहा है। परियोजना के बारे में जानकारी देते हुए जिला समन्वयक अजय यादव ने बताया कि पशुपालन विभाग के सहयोग से पोहरी ब्लॉक के 15 ग्रामों में कुल 2400 परिवारों को चिन्हित कर प्रत्येक परिवार को 45-45 चूजे उपलब्ध कराए गए हैं। इसका उद्देश्य परिवारों की आय बढ़ाने के साथ-साथ उनके भोजन में अंडे और मांस के रूप में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाकर पोषण स्तर में सुधार लाना है।

**रोजगार के अभाव में करना पड़ता था पलायन:** जगन्नाथ का 13 सदस्यों का परिवार लंबे समय से आर्थिक तंगी से जूझ रहा था। उनके पास 5 बीघा पथरीली जमीन है, जहां खेती पूरी तरह मानसून पर निर्भर थी।

SMFG Grihashakti
Nayi Asha. Naya Vishwas.

## एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड

**कार्पोरेट आफिस:** 503 एवं 504, पांचवी मंजिल, जी ब्लाक, इन्सीप्रे बीकेसी, बीकेसी मेन रोड बांद्रा कुर्ला कॉम्प्लेक्स बांद्रा (ई) मुंबई- 400051
**रजि. आफिस:** कमरजोन आईटी पार्क, टॉवर-बी, प्रथम तल नं. 111, माउंट पूनमल्ली पूउर चेन्नई-600116, तमिलनाडु

### अचल संपत्ति के लिए कब्ज़ा नोटिस [(परिशिष्ट IV) नियम 8(1)]

जबकि अधोहस्ताक्षरी एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड का प्राधिकृत अधिकारी है, जो एक हाउसिंग फाइनेंस कंपनी है [राष्ट्रीय आवास बैंक के साथ विधिवत पंजीकृत (आरबीआई द्वारा पूर्ण स्वामित्व वाली)] (इसके बाद इसे 'एसएमएचएफसी' के रूप में जाना जाता है) वित्तीय संपत्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण और सुरक्षा हित का प्रवर्तन अधिनियम, 2002 (2002 का 54), और सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 3 के साथ पठित धारा 13 (12) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए डिमांड नोटिस जारी किया गया. उक्त अधिनियम की धारा 13 (2) के तहत नीचे उल्लिखित दिनांक में आपसे उधारकर्ता (नीचे उल्लिखित नाम) होने के नाते उक्त नोटिस में उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज को उक्त नोटिस की प्राप्ति की तारीख से 60 दिनों के भीतर चुकाने का आह्वान किया गया है. राशि चुकाने में विफल रहने पर, नीचे उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को नोटिस दिया जाता है कि अधोहस्ताक्षरी ने निम्न के तहत मुझे प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए नीचे वर्णित संपत्ति का कब्ज़ा ले लिया है, सुरक्षा हित (प्रवर्तन) नियम, 2002 के नियम 8 के साथ पठित अधिनियम की धारा 13 उपधारा (4) के तहत. विशेष रूप से यहां ऊपर उल्लिखित उधारकर्ताओं और सामान्य रूप से जनता को आगाह किया जाता है कि वे उक्त संपत्ति और इसके साथ कोई भी लेन-देन न करें. संपत्ति नीचे उल्लिखित राशि और उस पर ब्याज के लिए 'एसएमएचएफसी' के शुल्क के अधीन होगी.

| क्र. | उधारकर्ता/गारंटर(ओं) का नाम लैन | सुरक्षित संपत्तियों का विवरण (अचल संपत्ति) | मांग सूचना दिनांक एवं राशि | कब्जे की तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | लैन- 604339511482094<br>1. अरबिंद सिंह<br>2. प्रीति सेन<br>3. नई पल्वी कटिंग हेयर सैलून | एक मकान, जो बडोखर गांव, वार्ड संख्या 02, परगना के सर्वे नंबर 1404 के एक हिस्से में स्थित है. जिला मुरैना (मध्य प्रदेश) इसका क्षेत्रफल 500 वर्ग फुट है. संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व में- विक्रेता का प्लॉट, पश्चिम में- 20 फुट चौड़ी सड़क, उत्तर में- रिंकू श्रीवास का प्लॉट, दक्षिण में- विक्रेता का प्लॉट. | 11.11.2025<br>रु. 8,58,816/- (रुपये आठ लाख अट्ठावन हजार आठ सौ सोलह मात्र)<br>दिनांक 07.11.2025 | 13.02.2026 |
| 2 | लैन- 604339511232153/ 604339511455206<br>1. सुनील कुमार शर्मा 2. धर्मेंद्र शर्मा<br>3. सरोज शर्मा<br>4. सुनील स्क्रैप ट्रांसफर | अतरसुमा नगर पालिका के सर्वेक्षण संख्या 858 के भाग में स्थित प्लॉट संख्या 03 पर निर्मित पूर्ण स्वामित्व वाला मकान. वार्ड संख्या 04, गांव अतरसुमा, ए.बी. रोड के किनारे, तहसील और जिला मुरैना, मध्य प्रदेश. इसका क्षेत्रफल 895.62 वर्ग फुट है. संपत्ति की सीमाएँ इस प्रकार हैं- पूर्व-प्लॉट संख्या 04, पश्चिम-प्लॉट संख्या 02, उत्तर-दंडौतिया का फार्म, दक्षिण-30 फुट चौड़ी सड़क. | 11.11.2025<br>रु. 12,62,854/- (रुपये बारह लाख बांसठ हजार आठ सौ चौवन मात्र) दिनांक 07.11.2025 | 13.02.2026 |

स्थान- मुरैना, मध्यप्रदेश
दिनांक- 13.2.2026

एसडी/-, प्राधिकृत अधिकारी
एसएमएफजी इंडिया होम फाइनेंस कं. लिमिटेड